मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी – मार्च, 1992 सत्र

दैनिक कार्य – सूची

सोमवार, दिनांक 17 फरवरी, 1992 (माघ 28, 1913)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138(1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री रामबहादुर सिंह परिहार, सदस्य, गुना जिले के चाचोड़ा विकासखण्ड की अनेक शालाओं में शिक्षकों का अभाव होने की ओर शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री हरीसिंह नरवरिया, सदस्य, भिण्ड जिले के ग्राम जगन्नाथपुरा के अनुसूचित जाति के लोगों पर पुलिस द्वारा असत्य प्रकरण कायम किये जाने की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11, अटेर से निर्वाचित सदस्य श्री मुन्नासिंह भदौरिया को फरवरी – मार्च, 1992 सत्र की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री राम चन्द्र परतेती, सदस्य, जिला छिन्दवाड़ा के ग्राम जामई-मोरडोंगरी, मोरडोंगरी-सावरी रोड का डामरीकरण करने,

(2) श्री जगदम्बा प्रसाद निगम, सदस्य –

(क) जिला छतरपुर के ग्राम हिम्मतपुरा से छापर तक पहुँच मार्ग निर्माण कराये जाने,
(ख) जिला छतरपुर के ग्राम छापर में माध्यमिक विद्यालय खोले जाने,

(3) श्री आरिफ अकील, सदस्य, जिला भोपाल के ग्राम इनायतपुर, तहसील हुजूर में शासकीय हाई स्कूल खोले जाने,

(4) श्री प्रेम सिंह दत्तीगांव, सदस्य –

(क) जिला धार, तहसील सरदारपुर के ग्राम चौबारा के भील आदिवासियों को कृषि भूमि का पट्टा दिलाये जाने,
(ख) जिला धार, तहसील सरदारपुर के ग्राम अमलिया में आदिवासियों को विद्युत दिलाये जाने,
(ग) जिला धार, तहसील सरदारपुर के ग्राम काकड़ापारा व पिपल्याभान के आदिवासियों को भूमि का पट्टा दिलाये जाने,
(घ) जिला धार, तहसील सरदारपुर के ग्राम चौबारा में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराये जाने,
(च) जिला धार, तहसील सरदारपुर के ग्राम पिपल्याभान में प्राथमिक शाला खोले जाने, तथा
(छ) जिला धार के ग्राम भेरूपाड़ा एवं चौबारा में भूमि का कब्जा दिलाये जाने

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

5. राज्यपाल के अभिभाषण पर श्री तेजसिंह सेंधव, सदस्य द्वारा दिनांक 10 फरवरी 1992 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा –

" राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया उसके लिये मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं".

भोपालः
दिनांकः 16 फरवरी, 1992

विधुवेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा